सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 223 | इंदौर, गुरुवार 26 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## इंस्टाग्राम पर पीएम मोदी के फोलोअर्स 10 करोड़ के पार

● ये उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के पहले नेता



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इंस्टाग्राम पर फोलोअर्स की संख्या 10 करोड़ के पार चली गई है। ये उपलब्धि हासिल करने वाले पीएम मोदी दुनिया के पहले नेता बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2014 में इंस्टाग्राम जॉइन किया था। पीएम मोदी की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उनके इंस्टाग्राम फोलोअर्स की संख्या, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फोलोअर्स की तुलना में दोगुनी से भी ज्यादा है। इतना ही नहीं अन्य शीर्ष पांच वैश्विक नेताओं के कुल फोलोअर्स की संख्या भी पीएम मोदी के फोलोअर्स की तुलना में कम है।

### ● शीर्ष नेताओं के कुल फोलोअर्स की संख्या से भी ज्यादा पीएम मोदी के फोलोअर्स

1. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इंस्टाग्राम पर फोलोर्स की संख्या 4.3 करोड़ है। वहीं इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो के फोलोअर्स 1.5 करोड़ हैं। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के फोलोअर्स 1.4 करोड़ हैं। वहीं तुर्किए के राष्ट्रपति एर्दोगान के 1.1 करोड़ फोलोअर्स हैं और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के 64 लाख फोलोअर्स हैं। साफ हैं कि इन नेताओं के कुल फोलोअर्स की संख्या भी पीएम मोदी के फोलोअर्स की तुलना में कम है।
2. भारतीय नेताओं की तुलना में भी पीएम मोदी बहुत आगे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इंस्टाग्राम पर फोलोअर्स 1.6 करोड़ हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 1.2 करोड़ लोग इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं।
3. पीएम मोदी इस समय इस्राइल के दौरे पर हैं, जहां बुधवार को उन्होंने इस्राइली संसद को संबोधित किया। ऐसा करने वाले पीएम मोदी भारत के पहले नेता हैं। इस्राइल ने पीएम मोदी को अपनी संसद नेसेट का सर्वोच्च सम्मान स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल देकर सम्मानित किया।
4. पीएम मोदी को उनके इस्राइली संसद में उनके भाषण के दौरान सभी सांसदों ने खड़े होकर सम्मान दिया। अपने भाषण के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि इस्राइल का भारत में बहुत सम्मान है। साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंध हजारों साल पुराने हैं। इस दौरान इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने पीएम मोदी को एशियाई शेर कहकर संबोधित किया।

सीएम का एलान

# इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड फोर लेन रोड अब एलिवेटेड नहीं जमीनी स्तर पर बनेगा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मेट्रो पॉलिटन सिटी इंदौर-उज्जैन भविष्य की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण होंगे। इस नाते इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड फोर लेन प्रोजेक्ट भी किसानों के हित में उनके सुझाव के अनुरूप एलिवेटेड नहीं जमीनी स्तर पर बनाया जाएगा। जिन किसानों की भूमि प्रभावित होगी, उन्हें उचित मुआवजा देने के लिए शासन-प्रशासन प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार शाम उनके निवास पर भेंट करने आए इंदौर और उज्जैन जिलों के विभिन्न ग्रामों के किसान प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का इंदौर और उज्जैन के किसान प्रतिनिधियों ने इंदौर उज्जैन ग्रीनफील्ड फोर लेन मार्ग का निर्माण कार्य किसानों के हित में करने के निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया।



### यह परियोजना बड़ी जनसंख्या को लाभान्वित करेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर-उज्जैन के इस पुराने मार्ग से जानापाव आने-जाने के लिए भी परिवहन होता रहा है। पूर्व के वर्षों में मार्ग के संकुचित होते जाने से जो दुर्घटनाएं होती रही हैं, वह सिलसिला अब थम जाएगा। किसानों से विचार विमर्श के पश्चात इस ग्रीन फील्ड फोर लेन मार्ग परियोजना के कार्यों को गति दी जा रही है। गत 20 फरवरी को अनुबंध करने के बाद अन्य कार्यवाही जारी है। आगामी सिंहस्थ को देखते हुए यह परियोजना बड़ी जनसंख्या को लाभान्वित करेगी। प्रदेश में सड़क अधोसंरचना को सशक्त करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है।

### 2935 करोड़ की योजना, 28 गांवों को मिलेगा नया स्वरूप


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम के माध्यम से 2935.15 करोड़ रुपये की परियोजना के अंतर्गत क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए दो जिलों के 28 ग्रामों को नया स्वरूप और जनसुविधा देने के लिए फोर लेन मार्ग निर्मित किया जाएगा। उन्नत संरचना के अंतर्गत इंदौर-उज्जैन के मध्य दो स्थानों वेस्टर्न रिंग रोड और उज्जैन बदनावर मार्ग क्रॉसिंग पर वृहद जंक्शन का प्रावधान है। परिवहन तेज और सुरक्षित रहे इसके लिए प्रत्येक टोल प्लाजा पर आवश्यक प्रबंध भी होंगे।

# 'ज्यूडीशियल करप्शन' विवाद, NCERT बोला- अनजाने में गलती हुई

## चैप्टर को फिर से लिखा जाएगा, किताब की बिक्री पर रोक लगी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) क्लास 8 की सोशल साइंस की टेक्स्टबुक में 'ज्यूडीशियल करप्शन' विवाद पर NCERT ने बुधवार को पहली प्रतिक्रिया दी। NCERT ने कहा कि वे ज्यूडिशियरी का बहुत सम्मान करते हैं। किताब में गलती अनजाने में हुई है और NCERT को उस चैप्टर में गलत मटेरियल शामिल करने का अफसोस है।**

NCERT ने 24 फरवरी को क्लास 8 के स्टूडेंट्स के लिए सोशल साइंस की नई टेक्स्टबुक जारी की थी। ये किताब एकेडमिक सेशन 2026-27 से स्कूलों में पढ़ाई जानी थी। इसका पहला पार्ट जुलाई 2025 में रिलीज



On account of ... number of judges, complicated legal procedures, and poor infrastructure, the judicial system in our country has a massive backlog. Look at the data from the National Judicial Data Grid given below (as of March 2025):

| Number of pending cases (approximate): | |
|---|---|
| Supreme Court | 81,000 |
| High Courts | 62,40,000 |
| District and other Subordinate Courts | 4,70,00,000 |

*Note: These numbers need not be memorised.*

While the number of pending cases shows part of the problem, the real issue is the long time it takes to resolve a case in court. In the High Courts, for example, nearly three-fourths of pending cases have been unresolved for over a year, and half of them have been pending for more than three years. Some cases have even remained unresolved for more than 50 years!

It is important that the people feel that their case has been heard by the court and that justice has been delivered in a time...

... is reached, it is ... in the court, and the case is closed.

**Corruption in the Judiciary**

Judges are bound by a code of conduct that governs not only their behaviour in court, but also how they conduct themselves outside it. This code, known as the Bangalore Principles of Judicial Conduct (so named because the initial drafts were prepared in Bangalore/Bengaluru over two decades ago), emphasises that judges must be seen by the public as fair and impartial. They must avoid any action, in their personal and professional lives, that could cause the public to question their integrity.

When judges fail to uphold these standards, the judiciary has an internal mechanism to maintain accountability and ensure that judges follow the values of judicial life. There is an established procedure for receiving complaints through the Centralised Public Grievance Redress and Monitoring System (CPGRAMS). Between 2017 and 2021, for example, over 1600 such complaints were received. In cases where the allegations are serious, the Parliament can take action and remove a judge by passing a motion of impeachment. Such a motion is considered only after a proper inquiry, during which the judge is given a fair opportunity to present their side of the case.

किया गया था।

किताब का नाम 'एक्सप्लोरिंग सोसायटी: इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट 2' है। इसमें 'द रोल ऑफ द ज्यूडिशियरी इन अवर सोसायटी' चैप्टर के अंदर 'करप्शन इन द ज्यूडिशियरी' का टॉपिक जोड़ा गया है। इसमें कहा गया है कि भ्रष्टाचार, बड़ी संख्या में पेंडिंग मामले और जजों की भारी कमी ज्यूडिशियल सिस्टम के सामने प्रमुख चुनौतियों में शामिल हैं।

विवाद बढ़ने के बाद NCERT ने किताब की बिक्री पर रोक लगा दी है। साथ ही कहा कि, विवादित चैप्टर को फिर से लिखा जाएगा।

# खाद्य सामग्री के मिलावटखोरों के विरुद्ध अभियान होगा और तेज

## स्ट्रीट फूड वेंडर्स का प्रशिक्षण, सर्टिफिकेशन और कड़ी निगरानी पर रहेगा विशेष ध्यान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरुद्ध मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप प्रभावी अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान को अब और अधिक गति प्रदान की जाएगी। अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों के अधिकारियों के संयुक्त दल गठित कर खाद्य प्रतिष्ठानों की सघन जांच की जाएगी तथा खाद्य सामग्री के नमूने एकत्रित कर प्रयोगशाला में परीक्षण कराया जाएगा। नमूने अमानक पाए जाने अथवा अनियमितताएं मिलने पर संबंधित मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे मिलावट संबंधी जानकारी निर्धारित हेल्पलाइन पर अवश्य दर्ज कराएं।



मिलावट विरोधी अभियान की प्रगति की समीक्षा एवं इसे और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज कलेक्टर शिवम वर्मा ने जिले में पदस्थ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए अभियान को विशेष रूप से सघन रूप में संचालित किया जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता, निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं पूर्णतः सुरक्षित खाद्य सामग्री प्राप्त हो। खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाए।

बैठक में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिले में मिलावट के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट किया कि अब तक दर्ज मामलों के अतिरिक्त आगे भी दोषियों के विरुद्ध सबसे कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि जिले के खाद्य प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है तथा एफएसएसएआई द्वारा निर्धारित रिस्क बेस्ड इंस्पेक्शन सिस्टम के अनुसार हाई-रिस्क प्रतिष्ठानों का प्राथमिकता के आधार पर निरीक्षण किया जा रहा है। विभाग द्वारा निरंतर खाद्य सामग्रियों के नमूने लिए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि नमूनों की जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित आरोपियों के विरुद्ध तत्काल प्रकरण दर्ज किए जाएं। नमूनों के विश्लेषण की प्रक्रिया जारी है तथा दोष सिद्ध होने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि इंदौर भोजन एवं स्ट्रीट फूड संस्कृति के लिए देशभर में प्रसिद्ध है, इसलिए यह आवश्यक है कि हर स्थान पर उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो। इसी उद्देश्य से कार्रवाई के साथ-साथ जागरूकता गतिविधियों पर भी विशेष बल दिया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि फूड सेफ्टी मानकों की जानकारी सभी स्ट्रीट फूड वेंडर्स तक पहुंचाई जाए तथा उन्हें प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रमों और सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया से जोड़ा जाए। बैठक में यह भी बताया गया कि मिलावट के मामलों में कई स्थानों पर एफआईआर दर्ज की गई है तथा भविष्य में भी निरंतर निगरानी और कड़ी कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जिले की आगामी कार्ययोजना में स्ट्रीट वेंडर्स की क्षमता वृद्धि तथा उपभोक्ताओं की खाद्य सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए खाद्य सामग्री की गुणवत्ता एवं मानकों से संबंधित शिकायतों के लिए दो टोल फ्री नंबर जारी किए गए हैं। अब कोई भी उपभोक्ता अपनी शिकायतें सीधे इन नंबरों पर दर्ज करा सकते हैं । यह सुविधा कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर प्रारंभ की गई है।

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया कि शिकायत हेतु टोल फ्री नंबर 0731-181 तथा 0755-2840621 है। इन नंबरों पर कॉल कर उपभोक्ता खाद्य पदार्थों में मिलावट, गुणवत्ता में कमी, निर्धारित मानकों के उल्लंघन या किसी भी तरह की अनियमितता की जानकारी अधिकारियों तक पहुँचा सकते हैं।

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य पात्रता परीक्षा एक मार्च को



- 100 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 38 हजार 144 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा ऑफलाइन पद्धति से राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 का आयोजन आगामी 1 मार्च को किया जाएगा। यह परीक्षा इंदौर जिले के 100 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। उक्त परीक्षा के लिए इंदौर के शासकीय और अशासकीय स्कूलों व कॉलेजों को केन्द्र बनाया गया है। शहर में आयोजित इस परीक्षा में कुल 38 हजार 144 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगी। राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 परीक्षा के सम्पूर्ण संचालन हेतु संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े को परीक्षा समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया गया है।

उक्त परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आज संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देश पर संभागायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त राजस्व एवं प्रभारी परीक्षा अधिकारी श्रीमती सपना एम. लोवंशी ने बैठक में बताया कि राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 के प्रश्नपत्र में बहुवैकल्पिक प्रश्न होंगे। परीक्षा प्रारंभ होने के 45 मिनट पूर्व परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जाएगा। सभी परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केन्द्र पर पहुँचे। परीक्षार्थियों का प्रवेश मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा जारी प्रवेशपत्र और फोटोयुक्त पहचान पत्र के आधार पर होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व ओएमआर सीट का वितरण किया जाएगा तथा प्रश्न पत्र पुस्तिका का वितरण 11.55 बजे किया जाएगा। परीक्षा पूर्व सभी पर्यवेक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी को वही सेट मिले जो उनके लिए निर्धारित है। बैठक में प्रभारी परीक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 में परीक्षार्थी प्रवेश पत्र, पहचान पत्र, गोले बनाने हेतू निर्धारित स्याही का पेन, स्वयं का फोटो, पानी की पारदर्शी बाटल, अन्य कोई सामग्री जो ई-प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट है, को ले जाने की अनुमति रहेगी। बैठक में बताया गया कि परीक्षा के दौरान वीक्षकों को मोबाइल फोन रखना प्रतिबंधित है।

# होली पर्व के मद्देनजर खाद्य प्रतिष्ठानों में सघन जांच जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा होली पर्व के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की सघन जांच कर मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व को देखते हुए जिले में विशेष सघन जांच अभियान निरंतर संचालित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अधिक से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के अधिकाधिक नमूने लिए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में प्रभावी कार्रवाई की गई है। इसी क्रम में 25 फरवरी 2026 को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दलों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की गई।

कार्यवाही के दौरान नंदलालपुरा स्थित शिवशक्ति दूध दही भंडार का निरीक्षण किया गया, जहां श्री नीलेश राठौर प्रतिष्ठान का संचालन करते हुए पाए गए। मौके पर दूध, दही, पनीर एवं लस्सी का निर्माण एवं विक्रय किया जाना पाया गया। साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक रही। यहां से दूध एवं दही के कुल 02 नमूने जांच हेतु लिए गए। जवाहर मार्ग, नंदलालपुरा सब्जी मंडी स्थित जैन नमकीन भंडार का निरीक्षण किया गया, जहां श्री अभय जैन संचालन करते हुए पाए गए। प्रतिष्ठान पर विभिन्न प्रकार के नमकीन का निर्माण एवं संग्रहण पाया गया। साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई। यहां से लौंग सेव का 01 नमूना लिया गया। सपना स्वीट्स, इमली बाजार से मिठाई के 02 नमूने लिए गए। अजय स्वीट्स, सादर बाजार से दूध कतली एवं मिल्क केक के कुल 02 नमूने लिए गए। किशनलाल मायाराम पुरोहित, इमली बाजार का निरीक्षण किया गया, जहां भेरूलाल पिता हीरालाल जाट उपस्थित पाए गए। मौके से मिल्क केक, मावा, मावा पेड़ा, बेसन चक्की एवं पनीर के कुल 05 नमूने लिए गए। परिसर में साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित को सुधार सूचना पत्र जारी किया जा रहा है। फार्मर्स मिल्क कार्ट, पिपलियाहाना से श्री सुनील जायसवाल की उपस्थिति में पनीर, दही एवं मावा के 3 नमूने लिए गए। विधाता स्वीट्स एंड डेयरी, इमली बाजार का निरीक्षण किया गया, जहां श्री ओम प्रकाश पुरोहित संचालन करते हुए पाए गए। प्रतिष्ठान पर विभिन्न डेयरी उत्पाद एवं मिठाइयों का निर्माण पाया गया। यहां से मावा, मिल्क केक, मावा कतली एवं मावा टिकिया के कुल 04 नमूने लिए गए। अग्रवाल स्वीट्स प्रोडक्ट प्रा. लि., स्कीम नं. 140, इंदौर से पेड़ा, बेसन लड्डू एवं काजू कतली के कुल 03 नमूने जांच हेतु लिए गए। ममता डेरी फार्म, 148 सादर बाजार पर उपस्थित विक्रेता आनंद मेहता के हस्ते दही, पनीर एवं घी के कुल 03 नमूने लिये गये । आनंद श्री नमकीन एंड स्वीट्स, मरीमाता चौराहा से संचालक श्री कमल जैन के हस्ते मिल्क केक एवं मलाई टिकिया के 02 नमूने लिए गए। ओम नमकीन, दिलपसंद ग्रीन, पिपलियाहाना स्कीम नं. 140 से ड्राई फ्रूट चक्की, रतलामी सेव एवं खट्टा-मीठा नमकीन के 03 नमूने लिए गए। गुरु कृपा मिल्क एंड फूड, ब्रह्मबाग कॉलोनी, मरीमाता चौराहा का निरीक्षण किया गया, जहां प्रोपराइटर श्री दिलीप पुरोहित उपस्थित पाए गए। प्रतिष्ठान में विभिन्न डेयरी उत्पाद संग्रहित पाए गए। परिसर से घी, पनीर एवं दही के कुल 03 नमूने लिए गए। राजेश दूध दही भंडार से दूध और दही के 02 नमूने लिए गए। जैन मिठाई भंडार ग्रेटर बृजेश्वरी पिपलियाहाना से मिल्क केक, बेसन चक्की और काजू कतली के 3 नमूने लिए गए।

# 7 मार्च तक होगा पंजीयन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जानकारी दी है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये अब तक 4 लाख 42 हजार 288 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। किसान 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपील की है कि निर्धारित समय में पंजीयन जरूर करा लें। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। कुल 3186 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रुपये अधिक है।

मंत्री राजपूत ने बताया कि अभी तक इंदौर संभाग में 54 हजार 587, उज्जैन में एक लाख 48 हजार 905, ग्वालियर में 9695, चम्बल में 4692, जबलपुर में 39 हजार 885, नर्मदापुरम में 34 हजार 181, भोपाल में एक लाख 9 हजार 134, रीवा में 13 हजार 260, शहडोल में 2551 और सागर में 25 हजार 398 किसानों ने पंजीयन कराया है।

सियागंज में नगर निगम ने की कार्रवाई

# संपत्ति कर बकाया होने पर दुकानों को किया सील, बकायादारों पर निगम की नजर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। बुधवार को नगर निगम की टीम ने सियागंज में संपत्ति कर को लेकर दुकानों को सील करने की कार्रवाई की। कार्रवाई के चलते कुछ देर के लिए सियागंज का मार्केट भी बंद रहा। हालांकि बाद में मार्केट खुल गया। इधर, युवराज वरदराज मंडलोई ने निगम ने जो कार्रवाई की वह उचित है क्योंकि हमारे नाम से झूठी परमिशन दिलाकर व्यापारियों से अवैध दुकान बढ़ाई है उसका टैक्स निगम वसूल रही है और हम नॉमिनल किराया लेते हैं जो हमारे रिकॉर्ड में है, उसे हिसाब से टैक्स चुकाया जाता है।



### कई लोग हमारी जानकारी के बिना ही पैसे ले लेते हैं

आज जो नगर निगम ने हमारे मकानों पर कार्रवाई की है। मैं उसके पक्ष में हूं। निगम की कार्रवाई के बाद समीक्षा की तो उसमें दो मूल मुद्दे निकलकर आए है। एक मुद्दा ये आया है कि कुछ लोग वहां मेरे नाम से पैसा ले रहे है, अनुमति देने और लेने के नाम पर। टैक्स का जो पैसा जाना चाहिए था उसका गबन कर रहे है। इसकी सूचना आज हमें मिली है। उन लोगों के खिलाफ शिकायत कर कार्रवाई करवाएंगे। इस वजह से भी किराया जमा नहीं हो पा रहा है।

दूसरा ये कि जो हमारा पहले किराया कम रहता था। उसके बाद में टैक्स बढ़ाया गया है। नगर निगम की गलती नहीं है। जो हमारे किराएदार जिन्हें एक या दो मकान की अनुमति दी गई थी। उन्होंने ऊपर मंजिल बढ़ा दी। मकान बढ़ेगा तो उसका टैक्स, बढ़ेगा। उन्होंने इस मामले में नगर निगम से भी चर्चा करने की बात कहीं है। इस मामले में नगर निगम से भी चर्चा करेंगे। नगर निगम के सर्वे में ये बात सामने आई है।

इंदौर में हुई विज्ञापन की शूटिंग

## आईपीएल सीजन के दौरान प्रसारित होगा, दुकानदारों, दर्शकों की उमड़ी भीड़



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर । इंदौर में शूटिंग का क्रेज बढ़ता जा रहा है। शहर का ऐतिहासिक राजबाड़ा और आसपास का क्षेत्र अब विज्ञापनों की शूटिंग के लिए भी पसंदीदा लोकेशन बन चुका है। बुधवार सुबह से सुभाष चौक स्थित बाजार में एक बड़े विज्ञापन की शूटिंग चल रही है, जिसके चलते इलाका सुबह-सुबह ही खुल गया।**

जानकारी के अनुसार, यह शूटिंग आईपीएल सीजन के दौरान प्रसारित होने वाले किसी विज्ञापन के लिए हो रही है। बाहर से पूरी टीम आई हुई है, जिसने सुबह से ही सेटअप कर लिया है। हनुमान मंदिर के पास वाली दुकानें भी जल्दी खोलनी पड़ीं। टीम ने आसपास के इलाके को काफी सख्ती से सील कर रखा है। लोगों को नजदीक नहीं आने दिया जा रहा, फोटो-वीडियो लेने पर भी रोक है।

शूटिंग की खबर फैलते ही दुकानदारों के साथ-साथ उत्सुक दर्शकों की भीड़ जुट गई, लेकिन टीम ने किसी को भी ज्यादा जानकारी नहीं दी कि यह किस ब्रांड या प्रोडक्ट का विज्ञापन है, न ही किसी सेलिब्रिटी या क्रिकेटर के आने की पुष्टि की गई।

यह कोई नई बात नहीं है। इंदौर का राजबाड़ा और शहर के अन्य हिस्से पहले भी कई बड़े विज्ञापनों की शूटिंग के लिए चुने जा चुके हैं। क्रिकेट स्टार विराट कोहली ने भी यहां क्रिकेट से जुड़े एक विज्ञापन की शूटिंग की थी। एक बड़ी एयरलाइंस कंपनी ने भी राजबाड़ा पर अपने ब्रांड प्रमोशन के लिए शूट किया था। कुछ अन्य बड़े नामों ने शहर के होटलों और इलाकों को एयरपोर्ट जैसा लुक देकर शूटिंग पूरी की है। शहर की हेरिटेज वाली इमारतें, बाजारों की चहल-पहल और लोकेशन की विविधता के कारण प्रोडक्शन टीमों को यहां शूटिंग करना सुविधाजनक लगता है। इससे इंदौर अब सिर्फ खाने-पीने और क्रिकेट का शहर नहीं, बल्कि शूटिंग हब के रूप में भी उभर रहा है।

# निगमायुक्त बोले-चौराहों के लेफ्ट टर्न से अतिक्रमण हटाएं

### ट्रैफिक पुलिस के साथ एक्शन प्लान बनाने के निर्देश, एजेंसी पर लगाई पेनल्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सुगम ट्रैफिक और बेहतर स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल शहर के प्रमुख चौराहों की व्यवस्था देखने पहुंचे। उन्होंने नौलखा चौराहा, वर्ल्ड कप चौराहा, बिचौली मर्दाना चौराहा, निरंजनपुर चौराहा, बापट चौराहा, विजय नगर चौराहा, न्याय नगर चौराहा, लोखंडे ब्रिज के पास और सी-21 के पास स्थित चौराहे के लेफ्ट टर्न की स्थिति देखी।**

इन चौराहों की ट्रैफिक की स्थिति को देखते हुए लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण में बाधा बनने वाले अस्थायी और स्थायी कंस्ट्रक्शन को चिह्नित कर नियमानुसार हटाने को बोला, ताकि पीक आवर्स में जाम की स्थिति ना बने।



### अवैध अतिक्रमण हटाएं, संकेतक लगाएं

निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि जहां आवश्यक हो वहां लेफ्ट टर्न को चौड़ा करे, अवैध अतिक्रमण हटाएं और रोड मार्किंग स्पष्ट करें व संकेतक लगवाएं। साथ ही ट्रैफिक पुलिस के समन्वय से ट्रैफिक की आवाजाही को सुचारू बनाए रखने के लिए एक्शन प्लान तैयार करें।

### निगमायुक्त ने जताई नाराजगी

निगमायुक्त ने निरंजनपुर चौराहे के पास बने सार्वजनिक शौचालय को देखा। जहां सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिली। मौके पर रजिस्टर का भी अवलोकन किया, लोगों के फीडबैक के साथ ही यहां ओर भी कमियां मिलीं। इस पर निगमायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित एजेंसी पर पेनल्टी लगाने को कहा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सुविधाओं में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं है। निगमायुक्त ने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग, रोजाना की सफाई, फीडबैक रजिस्टर का मैनटेनेंस आदि की सतत जांच करने को कहा। इस दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, कार्यपालन यंत्री पी.एस. कुशवाह और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## होलिका दहन गोमाता के गोबर से निर्मित कंडे से करने की अपील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कामधेनु सेवा समिति, गोसेवा विभाग एवं गोवंश सेवा समिति ने शहरवासियों से होलिका दहन हेतु गोमाता के गोबर से बने कंडों का उपयोग करने का आग्रह किया है। समिति के राजेंद्र असावा व बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने कहा कि होलिका दहन में उपयोग हेतु इन्दौर शहर के आसपास की गौशालाओं मे बड़ी संख्या मे गोबर के कंडो का निर्माण किया गया है। गोमाता के गोबर से निर्मित कंडे से होलिका दहन करने से धार्मिक, आध्यात्मिक व पर्यावरण की दृष्टि से अनेकों लाभ है।

गोवंश सेवा समिति के गोपाल अग्रवाल व मनोज तिवारी ने कहा कि सनातन परंपरा अनुसार हिंदू धर्म में कंडे से होलिका दहन करने को पवित्र माना जाता है। गोबर के कंडे




का उपयोग वातावरण को शुद्ध करता है और धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार भी यह उचित है। पर्यावरण में भी शुद्धि और पवित्रता बनी रहती है। लकड़ी की खपत कम होती है। लकड़ी के बजाय कंडे का उपयोग करने से पेड़ों की कटाई कम होती है। कंडे जलने से लकड़ी की तुलना में कम कार्बन उत्सर्जन होता है, जिससे वायु प्रदूषण एवं धुआं भी कम होता है। गाय के गोबर में प्राकृतिक जीवाणुनाशक गुण होते हैं, जो वातावरण को शुद्ध करने में सहायक होते हैं। कंडे गोबर से बनते हैं, जो प्राकृतिक और जैविक रूप से पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। कंडे लकड़ी की तुलना में सस्ते होते हैं, जिससे लागत कम हो जाती है। कंडे बनाने का कार्य रोजगार के अवसर प्रदान करता है एवं गौशालाएं आत्मनिर्भर बनती है। कामधेनु सेवा समिति एवं गोवंश सेवा समिति ने सभी होलिका दहन करने वाली संस्थाओं से निवेदन है कि गौशालाओं से होलिका दहन हेतु कंडे लेकर अभियान को सार्थक करे। अनेकों गौशालाएं कंडे खरीदी पर घर पहुंच की सेवा भी दे रही है।

# आजीविका मिशन की दीदियाँ प्रदेश की अर्थव्यवस्था को कर रही हैं सशक्त : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## 5 लाख स्व-सहायता समूहों से सशक्त हुईं 65 लाख दीदियाँ, 12 लाख दीदियाँ बनीं लखपति

● मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आजीविका मिशन क्षमतावर्धन कार्यशाला का किया शुभारंभ




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियाँ एकता की शक्ति का सजीव उदाहरण है। बहनों द्वारा एकजुटता से किए जा रहे प्रयास 'बंद मुट्ठी लाख की' के भाव को चरितार्थ करते हुए देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। बहनें आज ट्रैक्टर से लेकर ड्रोन तक चलाने के साथ गैस और पेट्रोल रिफिलिंग जैसे कार्य भी कर रही हैं। कैफे संचालन से लेकर मार्केट का टारगेट पूरा करने में अव्वल बहनें अचार, पापड़ निर्माण सहित कई छोटे उद्योगों से बेहतर कमाई कर रही हैं। भारतीय संस्कृति में मातृ सत्ता का विशेष महत्व है। राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश की बहनें सशक्त हो रही हैं। प्रदेश के 5 लाख स्व-सहायता समूहों से 65 लाख से अधिक दीदियां जुड़कर सशक्त हुई हैं। इनमें से 12 लाख से अधिक दीदियां लखपति दीदी बन चुकी हैं। राज्य सरकार प्रदेश की बहनों के सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व-सहायता समूहों ने एक वर्ष में विभिन्न कंपनी और मेलों के माध्यम से 310 करोड़ रुपए का व्यापार किया है। मध्यप्रदेश, देश का सर्वाधिक प्राकृतिक खेती वाला राज्य है। हमारे स्व-सहायता समूहों की 50 हजार बहनें प्राकृतिक खेती में जुटी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में महिला बाल विकास विभाग में 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। साथ ही बजट का कुल 34 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण विकास पर खर्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में स्वसहायता समूहों की आजीविका मिशन क्षमतावर्धन कार्यशाला का शुभारंभ कर कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, कौशल विकास मंत्री श्री गौतम टेटवाल और पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न जिलों के स्व सहायता समूहों की दीदियों द्वारा लगाए गए विभिन्न उत्पादों के स्टालों का अवलोकन कर दीदियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदर्शनी स्थल पर ग्राम छावनी पठार के मिलेट्स कैफे पर स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के 7 वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीयों द्वारा तैयार स्पेशल होली हैम्पर को लाँच किया गया। इसमें प्राकृतिक रंग, देशी घी, मिष्ठान, गोकाष्ठ, पूजन सामग्री और टीशर्ट जैसे 10 उत्पाद शामिल हैं। उज्जैन, सागर, कटनी, सीहोर, रीवा जिले की दीदीयों द्वारा तैयार होली हैम्पर पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र (सीएमटीसी) का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण केन्द्र पर लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आजीविका मार्ट ग्वालियर, जबलपुर एयरपोर्ट पर स्व-सहायता समूहों के रिटेल आउटलेट और संभागीय एवं जिला स्तर पर होली मेलों का वर्चुअली शुभारंभ किया।

कार्यशाला में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ (एमपीएसआरएलएम) इंडिया पोस्ट, अमेजन सहेली, एक्सेस डेवलपमेंट सर्विस, बुद्धा इंस्टीट्यूट, टीआरआईएफ और साइटसेवर संस्थान के साथ एमओयू का आदान-प्रदान हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वालीं स्व-सहायता समूहों की 5 दीदियों को सम्मानित किया। कार्यशाला में विपणन क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली गुना जिले की श्रीमती मीनाक्षी फरागते ने अपनी सफलता की कहानी सभी के साथ साझा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला उद्यमिता के इतिहास का आज स्वर्णिम दिन है। पारिवारिक स्तर पर मां-बेटियों-बहनों के हाथों से बने व्यंजन पूरे परिवार में आनंद का संचार करते हैं और यह व्यंजन ही त्यौहार की प्रसन्नता का आधार बनते हैं। आजीविका मिशन द्वारा हमारी बहनों के हाथों से बनी सामग्री को वैश्विक बाजार से जोड़ने की पहल सराहनीय है। भारतीय संस्कृति में ऋतुओं से व्यंजनों तथा अन्य उपयोगी सामग्री बनाने का विशेष संबंध है। क्षमतावर्धन की आज की कार्यशाला हमारी बहनों के हुनर और कर्मठता को नई दिशा प्रदान करेगी। घर से निकलकर बैंकों और शासन के सहयोग से स्वयं को व्यापारिक गतिविधियों में सफलतापूर्वक स्थापित करने की बहनों की पहल ने ग्राम स्तर पर विकास को नई गति दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार बहनों को प्रशिक्षण के साथ आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध करा रही है। बहनें अपने समूह की शक्ति को बढ़ाएं और नई मंजिलें प्राप्त करें, राज्य सरकार सदैव उनके साथ है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्वसहायता समूहों की दीदियों ने सफलता का मुकाम हासिल किया है। हमारी मातृ शक्ति अपनी क्षमता के बल पर आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास में दीदियों की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में बहनों का महत्वपूर्ण योगदान होगा। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर महिलाओं की सफलता केवल शब्दों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसके प्रमाण आँकड़ों और जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बहनों से बदलती तकनीक के साथ स्वयं को अपडेट रखते हुए आगे बढ़ने का आव्हान किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश भौगोलिक रूप से देश के बीच में स्थित है, देश का अधिकांश आवागमन मध्यप्रदेश से होता है, इस स्थिति का लाभ उठाते हुए हमें अपने व्यापार-व्यवसाय को बढ़ाने के हरसंभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने आजीविका मिशन के डाक विभाग के साथ हुए एमओयू के संबंध में कहा कि इससे समूहों के उत्पादकों की सप्लाई चेन मजबूत होगी। मंत्री श्री पटेल होली के अवसर पर नशा और अकर्मण्यता की बुराई को जलाने का सभी से आहवान किया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन श्रीमती हर्षिका सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला विभिन्न जिलों के स्व-सहायता समूहों की दीदियों को उत्पादन और मार्केटिंग में सहायता व मार्गदर्शन प्रदान करेगी। इस कार्यशाला से प्रदेश के विभिन्न जिलों से समूहों को अपने उत्पाद राजधानी भोपाल में प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ है। आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना में प्रदेश के 6 जिले- बैतूल, विदिशा, राजगढ़, कटनी, ग्वालियर एवं भोपाल से 7 एजीईवाय गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई गई है। यह गाड़ियां दूर-दराज के क्षेत्रों में दीदियों को आवागमन और उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होंगी। समूह की दीदियों को सीएलएफ के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में अभी 43 रूरल मार्ट संचालित हैं। राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में अपर मुख्य सचिव श्रीमती दिपाली रस्तोगी, सचिव कृषि श्री निशांत वरवड़े, चीफ पोस्ट मास्टर जनरल (एमपी सर्कल) श्री विनोद माथुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित स्व-सहायता समूहों की दीदियां बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

# 1.31 करोड़ के नोटों से सजा उज्जैन का शिव मंदिर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी**। जिले के बड़नगर स्थित बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि मेले के दौरान भगवान शिव का अनोखा श्रृंगार किया गया है। करीब 1 करोड़ 31 लाख रुपए के नोटों से भगवान शिव और मंदिर को सजाया गया है। मंदिर में नोटों की माला, मुकुट और लड़ियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर में हर साल महाशिवरात्रि के बाद मेला लगता है। इस साल मेला 14 फरवरी से शुरू हुआ है, जो 28 फरवरी तक चलेगा। नोटों से किया गया यह विशेष श्रृंगार गुरुवार 26 फरवरी तक श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए रहेगा। मंदिर के पुजारी संदीप पठोर के अनुसार, नोटों की माला, मुकुट और लड़ियों की सजावट तैयार करने में सात कलाकारों की टीम को करीब तीन दिन का समय लगा। कलाकारों ने बड़ी मेहनत और कलात्मक ढंग से नोटों की सजावट कर मंदिर को भव्य रूप दिया है। बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में पिछले चार वर्षों से नोटों से विशेष श्रृंगार की परंपरा चली आ रही है। भगवान महादेव के इस अनोखे और भव्य स्वरूप के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में नोटों से की गई सजावट श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी हुई है।

# दीक्षांत समारोह में सैकड़ों छात्रों को बांटा बदबूदार-सड़ा भोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी**। प्रदेश के शहडोल के पंडित शंभू नाथ विश्व विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब समारोह में शामिल छात्रों को बासी और दूषित भोजन परोसे जाने का मामला सामने आया। गरिमामय आयोजन के बीच भोजन की गुणवत्ता को लेकर छात्रों में भारी नाराजगी देखने को मिली और उन्होंने विरोध स्वरूप खाने के डिब्बे फेंककर अपनी आपत्ति दर्ज कराई, फिलहाल विश्वविद्यालय प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कैटर्स के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है।

शहडोल जिले के पंडित शंभू नाथ शुक्ल विश्व विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में बासी और दूषित भोजन परोसे जाने को लेकर छात्रों में नाराजगी फैल गई और उन्होंने विरोध स्वरूप खाने के डिब्बे फेंककर आक्रोश जताया।



मिली जानकारी अनुसार विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भोजन की व्यवस्था ओम सांई कैटर्स द्वारा की गई थी। छात्रों का आरोप है कि भोजन न केवल ठंडा था, बल्कि उसमें से दुर्गंध भी आ रही थी, जिससे कई छात्र असहज हो गए, दीक्षांत जैसे गरिमामय अवसर पर ऐसी अव्यवस्था ने विश्वविद्यालय प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही विश्वविद्यालय प्रशासन हरकत में आया, कुलगुरु (कुलपति) रामशंकर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ओम सांई कैटर्स के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो।

## संपादकीय


### भारत-ग्रीस जुगलबंदी भूमध्य सागर से हिंद महासागर तक नई घेराबंदी

भारत और ग्रीस के बीच का संबंध लगभग 2,500 साल पुराना है। लेकिन, हाल के दिनों में दोनों देशों के सामरिक रिश्ते में नई गर्माहट आने लगी है। खासकर रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों में एक नई जुगलबंदी होती दिख रही है, जिससे क्षेत्रीय जियोपॉलिटिक्स में नए समीकरण बनने की संभावना पैदा हुई है। बड़ी बात ये है कि इस जुगलबंदी में इजरायल का भी एक एंगल है, जो इन तीनों देशों को आपस में 'त्रिशक्ति' बनकर काम करने का अवसर दे रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को तुर्की के रूप में एक नए दुश्मन का सामना करना पड़ा। इससे पहले ऐसी उम्मीद नहीं थी कि तुर्की इस्लाम के नाम पर पाकिस्तान के नापाक करतूतों को हवा देने का काम करेगा। यह वही तुर्की है, जो ग्रीस का पारंपरिक दुश्मन रहा है। इस नापाक गठजोड़ के दौरान भारत और ग्रीस के बीच रिश्तों में नए सिरे से गरमाहट की शुरुआत तुर्की और पाकिस्तान दोनों के लिए खतरे की घंटी से कम नहीं है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस ने ग्रीक सिटी टाइम्स के हवाले से एक रिपोर्ट दी है कि 'ग्रीस और भारत महत्वपूर्ण रूप से अपने रणनीतिक बातचीत में मजबूती ला रहे हैं। दोनों देशों के सैन्य संबंध एक नए चरण में प्रवेश कर रहे हैं।' इसके अनुसार दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध न सिर्फ द्विपक्षीय हितों के लिए जरूरी है, बल्कि भूमध्य सागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संतुलन और स्थिरता के लिए भी अहम हैं। हाल ही में दिल्ली में हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समिट (AI Summit) में शामिल होने के लिए ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यरिआकोस मित्सोटाकिस भारत आए थे और शिखर सम्मेलन के बीच ही उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात हुई थी। इस बैठक के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, 'हाल के वर्षों में भारत-ग्रीस रणनीतिक साझेदारी में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि मध्य पूर्व और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जो माहौल बन रहा है, उसे देखते हुए दोनों देश सैन्य स्तर पर रणनीतिक साझेदारी को काफी अहम मान रहे हैं। विश्लेषकों का कहना है कि भारत और ग्रीस में जिस तरह से रक्षा तालमेल बढ़ रहा है, उसे इजरायल के साथ त्रिपक्षीय सहयोग के तौर पर देखा जाना चाहिए। ग्रीक टाइम्स का कहना है कि भूमध्य सागर में ग्रीस का अनुभव और हिंद महासागर में भारत का दबदबा दोनों को साथ मिलकर काम करने का कारण देते हैं। इस रिपोर्ट में भी पाकिस्तान और तुर्की की नई रणनीतिक साठगांठ का जिक्र किया गया है, जिसे ग्रीस भी अपने लिए नई चुनौती की तरह देख रहा है। ऊपर से सऊदी अरब के भी उनके पीछे होने से एक तरह से 'इस्लामिक नाटो' के विचार की आशंका भी इसमें जताई गई है। ऐसे समय में पीएम मोदी की इजरायल यात्रा की अहमियत इस बदले हुए वैश्विक परिदृश्य में और बढ़ गई है।

## धर्म-कर्म

# 3 मार्च को पूर्ण चंद्र ग्रहण, सूतक टाइम, सूतक में क्या सावधानी बरतें, कहां दिखेगा चंद्रग्रहण

**3 मार्च को पूर्ण चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है, साल का पहला चंद्र ग्रहण है जो भारत में दिखाई भी दे रहा है। खगोलशास्त्रियों के लिए तो यह बहुत ही खास इवेंट होगा। आप भारत में हैं, तो इसकी टाइमिंग्स को लेकर खास ध्यान रखें, क्योंकि जैसे ही चंद्रमा दिखेगा, तो वो ग्रहण लगा हुआ होगा।**



3 मार्च को पूर्ण चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है, साल का पहला चंद्र ग्रहण है जो भारत में दिखाई भी दे रहा है। खगोलशास्त्रियों के लिए तो यह बहुत ही खास इवेंट होगा। आप भारत में हैं, इसकी टाइमिंग्स को लेकर खास ध्यान रखें, क्योंकि जैसे ही चंद्रमा दिखेगा,तो वो ग्रहण लगा हुआ होगा। ज्योतिषिय दृष्टि के अनुसार यह ग्रहण सिंह राशि में लग रहा है, इसलिए सिंह राशि वालों का इस पर खास प्रभाव होगा। आपको बता दें कि पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र सिंह राशि में ग्रस्तोदित रुप में ग्रहण लगेगा। चंद्रग्रहण मध्याह्न 3 :20 बजे शुरू होगा और होकर शाम को 6 :47 बजे मोक्ष होगा, जबकि सूतककाल ग्रहण से 9 घंटे पूर्व शुरू हो जाएगा।

### ● कहां दिखेगा आंशिक और कहां दिखेगा पूर्ण ग्रहण

यह चंद्रग्रहण एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अंटार्कटिका, उत्तरी व दक्षिणी अमेरिका एवं रूस में 15:20 से 18:47 बजे तक दिखाई देगा, भारत के अलावा पाकिस्तान, अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड, ईरान, ईराक, ऑस्ट्रेलिया, नार्थ अमेरिका, रूस, एशिया में यह पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखाई देगा।भारत में यह 20 मिनट ही मोक्ष के रूप में दिखेगा।

### ● सूतक के दौरान किस दशा के लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए

ग्रहण के दौरान शास्त्रोक्त नियमों का पालन जरुरी है। सूतक काल में संयम रखें, ग्रहण के वक्त भगवान का जाप करें तथा वृद्ध व बीमार लोगों को छोड़कर खानपान से परहेज करें। गर्भवती महिलाओं को खास ध्यान रखना चाहिए, वहीं चंद्र की महादशा अथवा अंतर्दशा से प्रभावित लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। फाल्गुन पूर्णिमा पर इस वर्ष होली और चंद्र ग्रहण एक ही दिन पड़ रहे हैं। 3 मार्च को ग्रस्त उदित चंद्र ग्रहण रहेगा। सूतक काल में मंदिरों में पूजा नहीं करते हैं। भगवान का ध्यान मन में करें। जाप करें।

### ● चंद्रग्रहण का सूतक कब लगेगा

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार ग्रहण का सूतक प्रातः 6:47 बजे से प्रारंभ होकर ग्रहण मोक्ष तक प्रभावी रहेगा। शाम 6:47 बजे तक धुलेंडी पर्व पर सूतक का साया रहेगा। सूतक काल में परंपरा के कार्य एक प्रहर में किए जा सकते हैं, इसका कोई गलत प्रभाव नहीं होता है और दोष नहीं लगता। लेकिन चंद्र ग्रहणके दिन होली नहीं खेली जाएगी, क्योंकि इससमय सूतक लग रहे होंगे और सूतक में जल का इस्तेमाल नहीं करते हैं। चंद्रमा को जल का कारक माना जाता है, इसलिए इस दिन होली ना खेलें जल से होली खेलने पर मानसिक अशांति या नकारात्मक प्रभाव होता है।

### ● चंद्र ग्रहण के दौरान मंदिर के कपाट इस समय से होंगे बंद

कई जगह सग्रहण का सूतक प्रातः 6 बजकर 27 मिनट से प्रारंभ हो जाएगा और कई जगह मंदिरों में 9 बजे सूतक काल पशुरू होगा। मंदिर के कपाट तीन मार्च को प्रातः साढ़े पांच बजे खुलेंगे और आरती के बाद 6 बजकर 10मिनट पर बंद हो जाएंगे। जो शाम को 8 बजकर 30 मिनट पर खोले जाएंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि ग्रहण के दौरान सभी अपने घरों में रहकर भगवान का जाप करें।

Rajasthan

# स्कूल के पहले दिन 4 साल के मासूम पर कुत्तों का हमला, सिर की चमड़ी नोची, चीख भी नहीं सुन पाया

**बीकानेर, (एजेंसी)** बीकानेर में स्कूल के पहले ही दिन 4 साल के मासूम पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। कुत्ते बच्चे के सिर की चमड़ी खा गए। कान को काट लिया और शरीर को बुरी तरह से नोच डाला। बच्चे की चीख सुनकर पहुंचे व्यक्ति ने मासूम को कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया। मामला बीकानेर के स्वामी विवेकानंद मॉडल सरकारी स्कूल ऊपनी गांव का मंगलवार का है। बच्चे का बीकानेर के PBM अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों का कहना है- बच्चे को गंभीर चोट आई है, सिर की चमड़ी लगाने के लिए सर्जरी करनी पड़ेगी।



गांव ऊपनी निवासी रामू (4) पुत्र रामप्रताप सिद्ध मंगलवार को अपने बड़े भाई के साथ पहली बार स्कूल गया था। बच्चा करीब डेढ़ घंटे कक्षा में बैठने के बाद बाहर ग्राउंड में चला गया। इसी दौरान स्कूल का मुख्य दरवाजा खुला पड़ा था, जहां से कुत्तों का झुंड स्कूल में घुस आया। कुत्तों ने मासूम पर हमला कर दिया। कुत्तों के भौंकने और बच्चे के रोने की आवाज स्टाफ तक नहीं पहुंची। वहां से गुजर रहे एक ग्रामीण ने बच्चे को कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया। बाद में परिजन बदहवास हालत में बच्चे को तुरंत पीबीएम अस्पताल लेकर पहुंचे।

PBM ट्रॉमा इंचार्ज डॉ. एल.के. कपिल ने बताया- बच्चे के सिर पर गंभीर चोट आई है। स्किन ग्राफ्टिंग के लिए प्लास्टिक सर्जरी करनी होगी। उससे पहले घाव को तीन बार साफ किया जाएगा।

Uttarpradesh

## लखनऊ में 2000 किलो खराब मिठाइयां कराईं नष्ट, होली से पहले नकली पनीर और रंगीन कचरी भी जब्त



**लखनऊ, (एजेंसी)** होली और रमजान जैसे बड़े त्योहारों के चलते कई जिलों में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया. उत्तर प्रदेश और आसपास के इलाकों में हो रही छापेमारी में हजारों किलो मिलावटी और संदिग्ध खाद्य पदार्थ जब्त किए गए हैं, जबकि बड़ी मात्रा में सामान मौके पर ही नष्ट कराया गया. प्रशासन का साफ कहना है कि त्योहारों के दौरान लोगों की सेहत से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा. बड़ी कार्रवाई यूपी के बाराबंकी में देखने को मिली. यहां खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर करीब 100 किलो पनीर और 200 किलो रंगीन कचरी को जब्त कर नाले में बहा दिया. इसके अलावा करीब 50 हजार रुपये मूल्य का खाद्य पदार्थ नष्ट किया गया. सहायक खाद्य आयुक्त शैलेंद्र सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान मिलावटखोरी को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह अभियान लगातार जारी रहेगा. वहीं आजमगढ़ में भी खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक गोदाम पर छापा मारा. यहां से आगरा से लाए गए करीब 3.35 लाख रुपये मूल्य के मिलावटी खोया, काजू बर्फी, पनीर और अन्य मिठाइयों को जब्त किया गया. सभी संदिग्ध खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर उन्हें नष्ट कराया गया. सहायक आयुक्त सुशील कुमार मिश्र ने लोगों से अपील की कि वे चमकीले और रंगीन खाद्य पदार्थों से बचें और पैक्ड सामान खरीदते समय उसकी एक्सपायरी डेट जरूर जांचें.

Uttarpradesh

## छत्तीसगढ़ में बड़ा एनकाउंटर! जवानों ने मार गिराए 2 नक्सली

**बीजापुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। जवानों ने एनकाउंटर में दो नक्सलियों को मार गिराया। इस मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर जिले के इन्द्रावती नदी क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षाबलों के संयुक्त दल को नक्सल रोधी अभियान पर रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान गुरुवार सुबह इन्द्रावती नदी क्षेत्र में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड हुई।

बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि मुठभेड के बाद खोजबीन के दौरान मुठभेड़ स्थल से दो वर्दीधारी माओवादियों के शव और एसएलआर राइफल, इंसास राइफल तथा 12 बोर की राइफल समेत हथियार, विस्फोटक एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद की गई। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टलिंगम ने कहा कि क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है। विस्तृत रिपोर्ट बाद में जारी की जाएगी। इस कार्रवाई के साथ, इस साल अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ में कम से कम 25 माओवादी मारे जा चुके हैं।

Maharashtra

## बारामती थाने के बाहर धरने पर बैठे भतीजे रोहित अजित पवार विमान क्रैश की जांच की मांग

**बारामती, (एजेंसी) महाराष्ट्र के दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे की जांच को लेकर विधायक और उनते भतीजे रोहित पवार ने सख्त रुख अपनाया है. मुंबई पुलिस द्वारा शिकायत दर्ज करने से इनकार किए जाने के बाद रोहित पवार आज बारामती के पुलिस थाने पहुंचे और मामले की गंभीरता से जांच कराने की मांग की. उन्होंने कहा कि हादसे की जांच जल्द से जल्द पूरी की जानी चाहिए और यदि किसी की लापरवाही या दोष सामने आता है तो उसके खिलाफ तुरन्त एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में लिया जाना चाहिए.**

रोहित पवार के साथ सैकड़ों समर्थक और बड़ी संख्या में वकील भी पुलिस थाने के बाहर मौजूद रहे. समर्थकों की भारी उपस्थिति के कारण थाने का इलाका पूरी तरह राजनीतिक गतिविधियों का



केंद्र बन गया था. रोहित पवार ने साफ किया कि यह मामला सिर्फ एक हादसे की जांच का नहीं है, बल्कि सच को सामने लाने का है. उन्होंने दोहराया कि जब तक जांच पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी नहीं होती और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं होती, वह अपनी आवाज उठाते रहेंगे. इस मामले को लेकर बारामती में राजनीतिक हलचल तेज है और स्थानीय स्तर पर जनता भी इस जांच को लेकर काफी चिंतित है.

खेल

# टी20 वर्ल्ड कप के बीच आईसीसी ने जारी की रैंकिंग, जसप्रीत बुमराह की लंबी छलांग, नंबर 1 पर मौजूद ये भारतीय

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के हाई-वोल्टेज मुकाबलों के बीच आईसीसी ने खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग जारी कर दी है, जिसमें भारतीय खिलाड़ियों का जबरदस्त बोलबाला देखने को मिला है। गेंदबाजी विभाग में भारतीय मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अपना नंबर-1 का स्थान सुरक्षित रखा है, वहीं दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश और वेस्टइंडीज के मैथ्यू फोर्ड ने लंबी छलांग लगाकर सबको चौंका दिया है।




दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में घातक गेंदबाजी करने वाले टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। बुमराह अब 7 पायदान ऊपर चढ़कर दुनिया के आठवें नंबर के टी20 गेंदबाज बन गए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में स्पिनर्स का दबदबा साफ नजर आ रहा है क्योंकि टॉप-10 में से 7 खिलाड़ी स्पिन विभाग से ही ताल्लुक रखते हैं।

अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान दूसरे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश ने रिकॉर्ड 21 स्थानों की छलांग लगाकर तीसरा स्थान हासिल किया है। इंग्लैंड के आदिल राशिद चौथे और पाकिस्तान के अबरार अहमद दो पायदान खिसक कर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के एडम जाम्पा दो स्थान के सुधार के साथ छठे और वेस्टइंडीज के मैथ्यू फोर्ड 23 स्थानों की छलांग लगाकर सातवें नंबर पर काबिज हो गए हैं। बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान नौवें और श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा को चार स्थानों के नुकसान के साथ दसवें स्थान पर संतोष करना पड़ा है।

बल्लेबाजी की बात करें तो भारत के स्टार ओपनर अभिषेक शर्मा दुनिया के नंबर-1 टी20 बल्लेबाज बने हुए हैं। इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे और पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान दो पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर आ गए हैं। श्रीलंका के पाथुम निसांका चौथे स्थान पर जमे हुए हैं जबकि भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने तीन स्थानों की बढ़त के साथ पांचवां पायदान हासिल किया है। दुनिया के नंबर-1 रह चुके सूर्यकुमार यादव इस समय छठे स्थान पर हैं। वहीं तिलक वर्मा को खराब फॉर्म का खामियाजा भुगतना पड़ा है और वे तीन स्थान नीचे गिरकर सातवें नंबर पर आ गए हैं।

सिनेमा

## तापसी पन्नू बोलीं- क्लीवेज और कमर से इंडस्ट्री को ऑब्सेशन है; बताया साउथ में पैडिंग का किस्सा



तापसी पन्नू अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। अस्सी में उनकी एक्टिंग की तारीफ हो रही है। इस बीच उनका एक बयान चर्चा में है जिसमें उन्होंने साउथ और बॉलीवुड के कमर और क्लीवेज ऑब्सेशन पर बात की थी। अब तापसी ने एक और इंटरव्यू में बात साफ की है कि उन्होंने क्या बोला था, जिसे लोगों ने गलत समझ लिया। तापसी का कहना है कि उन्होंने बॉलीवुड और साउथ में नहीं बांटा था बल्कि इंडस्ट्री में खास बॉडी पार्ट्स के ऑब्सेशन पर बात की थी। तापसी पन्नू गलाट्टा इंडिया से बात कर रही थीं। वह बोलीं, 'मुझे लगता है कि हिंदी फिल्मों में भी लोग मिडरिफ (कमर का हिस्सा) पर ज्यादा फोकस करते हैं। और जिस इंसान ने मुझसे ये सवाल किया था बोला, 'नहीं, हिंदी में क्लीवेज ज्यादा दिखाते हैं।' तो मैंने कहा हो सकता है, पता नहीं।' तापसी का इशारा शुभंकर मिश्रा के पॉडकास्ट की तरफ था। वहां उनसे पूछा गया था कि 2010 के वक्त जब तापसी ने करियर शुरू किया था तब साउथ फिल्ममेकर्स का ऑब्सेशन कमर दिखाने पर था। तापसी बोलती हैं, 'मेरे लिए यह सिर्फ एक तरह से ताड़ना है, वो चाहे क्लीवेज हो या मिडरिफ। पता नहीं क्या ऑब्सेशन है पर ये मानना पड़ेगा कि ऑब्सेशन है। चाहे वो हिंदी हो या साउथ। आपका कौन सा पार्ट हाइलाइट किया जा रहा है, वो पॉइंट नहीं है। मुद्दा ये है कि ऑब्सेशन है। मैंने कभी ये बंटवारा नहीं किया कि हिंदी क्लीवेज से ऑब्सेस्ड है और साउथ मिडरिफ से।'

## Highlights

1. PM Modi becomes 1st world leader to cross 100 million followers on Instagram
2. Pak left red faced after India's 'J&K budget is double Pak's IMF bailout package' remark at UN
3. Rajasthan allows people with over 2 children to contest panchayat polls
4. Hyderabad Task Force arrests businessman in tea adulteration raid

# Waaree, Premier Energies scorched as US slaps 126% solar import duty on India



**NEW DELHI, (Agency).** Shares of Indian solar equipment makers fell up to 15% on Wednesday after the United States announced duty on solar imports from India and a couple of other Asian countries.

Waaree Energies Ltd. fell as much as 15% but recouped some of the losses to trade 11% lower. The stock is on course for its worst trading session ever.

Premier Energies Ltd. and Vikram Solar Ltd. slid as much as 14.2% and 7.8%, respectively, before recovering some of their losses.

Exports make up 16% of Vikram Solar's upcoming orders, while Waaree's US shipments account for 65% of its order book, Jefferies analysts said. Premier Energies' order book is entirely domestic.

Waaree Energies told Reuters that it expected no material impact due to the solar tariffs. The company has an installed manufacturing capacity of 2.6 MW in the US which is expected to rise to 4.2 GW by the end of FY26, Additionally, it has a diversified supply chain that includes a planned Oman facility.

US solar tariffs on India

US President Donald Trump has imposed preliminary duty of 126% on solar imports from India, a move that threatens to derail the India-US trade deal.

On Tuesday, the US Commerce Department said it will impose countervailing duties on solar cells and panels imported from companies in India, Indonesia, and Laos, aiming to offset subsidies that support manufacturers in those countries. New Delhi — according to Washington DC — has unfairly subsidised its domestic manufacturing, allowing exporters to undercut American-made products.

'A major setback'

To be sure, analysts are divided on the impact of US solar tariffs on India.

A lack of viable export markets will force Indian solar PV module makers to push their stocks into the domestic market, resulting in an oversupply.

# Wired Wisdom: Xbox's new CEO, nifty UltraProlink DriveLink, and UPI on PhonePe

**NEW DELHI, (Agency).** Opening thoughts. Microsoft Corp. has a new CEO for the Xbox division—someone called Asha Sharma, who has (just in case you'd suspected this) zero previous experience in the gaming industry.

Sharma started out in marketing at Microsoft, then moved to operations at the home services startup Porch Group. Next, she ran Facebook Messenger at Meta Platforms Inc., served as COO of Instacart Inc. (coinciding with the IPO), and then returned to Microsoft to lead the CoreAI product. Two years later, she's CEO of an $18 billion gaming division.



She takes up the Xbox business when gaming revenue fell 9% last quarter, hardware sales fell 32%, Game Pass has flatlined after reaching the 34 million subscribers, and content+services revenue declined 5% over the holidays. This is perhaps her most challenging role yet, but it's surely not off to a good start, as X users are up in arms claiming that she's only started gaming this year using her publicly shared gamertag, and that her replies to X posts seem AI generated. Irrespective, nothing about Microsoft surprises me. Not one bit.

EDITOR'S CORNER

Cricket being the thing that keeps me sane on most days (at least till Formula 1 returns, then it'll be that), I had to sit through UPI app Navi's ads more than once, emphasising an essence of speed, perhaps in aspects of life where speed isn't exactly a good fit. Anyway, that got me wondering about India's UPI app landscape.

इंदौर की खुली जेल में बनाया था वीडियो

# पुलिस ने थाने के सामने लगवाई उठक-बैठक, कहा दोस्त ने बनाई थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। संयोगितागंज इलाके स्थित जिला जेल के अंतर्गत आने वाली खुली जेल से दो बदमाशो ने अपने वीडियो बनाए और उसे इंस्ट्राग्राम पर वायरल कर दिया। जेल अधिकारियों ने मामला पर संज्ञान लेते हुए एक बदमाश को पकड़ा और उस पर प्रंतिबधात्मक कारवाई की। थाने के सामने सड़क पर उससे उठक-बैठक लगवाकर माफी भी मांगवाई गई।



संयोगितागंज पुलिस ने गर्वित उर्फ काका पुत्र लक्ष्मण सेन को पकड़ा। उसने थाने के सामने कान पकड़कर माफी मांगी। कुछ दिन पहले जिला जेल से निकलते हुए बदमाश गर्वित उर्फ काका पुत्र लक्ष्मण और आदित्य उर्फ बिल्लू पुत्र मनोज भूरिया ने वीडिया बनाए थे। जो इंस्ट्राग्राम आईडी पर डाले गए थे। इस मामले में कमिश्नर संतोष सिंह के साथ संयोगितागंज पुलिस को भी शिकायत की गई थी। पकड़ाए आरोपी गर्वित ने बताया कि उक्त वीडियो उसके साथी आदित्य ने बनाया है। उसने अपनी ही आईडी से इसे वायरल किया था। आरोपियों ने बताया कि करीब 15 दिन पहले उन्होंने यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था।

### ● दोनों आरोपियों के पूर्व में भी रिकार्ड

गर्वित और उसके साथी आदित्य पर पूर्व के रिकार्ड भी है। वह कई बार जेल जा चुके हैं। पुलिस के मुबाबिक आरोपी मूसाखेडी के रहने वाले है। अभी आदित्य की तलाश की जा रही है। पूर्व में भी भय्यू डॉन ने भी जिला जेल की एक स्टोरी इंस्ट्राग्राम पर डाली थी। लेकिन क्राइम ब्रांच के साथ संयोगितागंज थाने की पुलिस ने अभी तक आरोपी को नही पकड़ा।

# एक्सप्रेस के एसी कोच में कॉकरोच मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। वीरभूमि एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 19316) के एसी कोच में कॉकरोच दिखाई देने का मामला सामने आया है। सोमवार को अहमदाबाद के पास असावरा से इंदौर आ रही इस ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री यश गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी शिकायत की। उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय, रेल मंत्री और वरिष्ठ रेल अधिकारियों को टैग कर कार्रवाई की मांग की है। यात्री यश गुप्ता ने एसी कोच के अंदर कॉकरोच घूमते हुए देखे। उन्होंने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया। वीडियो में सीटों, दीवारों और फर्श पर कॉकरोच नजर आ रहे हैं। यात्री ने रेल मदद पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि शिकायत के बाद ट्रेन में कोई सफाई या कीटनाशक की कार्रवाई नहीं की गई। कोच अटेंडेंट की ओर से भी कोई तत्काल कार्रवाई नहीं हुई। रेलवे की ओर से सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए यात्री से यात्रा संबंधी विवरण मांगा गया। साथ ही मामले को संबंधित विभाग को भेजने की जानकारी दी गई, लेकिन यात्रा के दौरान कोई सुधार नहीं हुआ। यात्री ने प्रधानमंत्री कार्यालय और रेल मंत्री को टैग करते हुए मामले की जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# महिला ने हैंड बैग में छिपा रखी थी एमडी ड्रग्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच की टीम ने मंगलवार रात मुंबई की एक महिला को पकड़ा है। उसने हैंड बैग में 34.6 ग्राम एमडी ड्रग्स छिपा रखी थी। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 3 लाख 40 हजार रुपए है। महिला मूल रूप से मुंबई की रहने वाली है। ज्यादा पैसा कमाने के लिए वह ड्रग्स बेचती थी। टीम उससे और भी जानकारी निकाल रही है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। जानकारी मिलने पर टीम अलग-अलग इलाकों में संदिग्धों की तलाश कर रही थी। इस दौरान सांवरिया ग्रीन्स मैरिज गार्डन के सामने रीजनल पार्क के पास एक महिला नजर आई। क्राइम ब्रांच की टीम को देखकर महिला हड़बड़ा गई। उसकी हरकतें संदिग्ध लगीं तो टीम ने घेराबंदी कर उसे रोका और पूछताछ की, तो वह कुछ का कुछ बताने लगी। सख्ती से पूछताछ करने पर महिला ने अपना नाम फातिमा मंसूरी निवासी मुंबई महाराष्ट्र बताया। महिला आरक्षक ने जब उसकी तलाशी ली तो महिला के हैंड बैग से 34.6 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 3 लाख 40 हजार रुपए है। इसके चलते महिला पर कार्रवाई की गई।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक